

LOK SABHA SPEAKER EXTENDS GREETINGS ON EVE OF MAHAVIR JAYANTI/लोक सभा अध्यक्ष ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

...

New Delhi 09 April 2025: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla has extended greetings to the people on the eve of Mahavir Jayanti. In his message, Shri Birla said:

"Jai Jinendra,

On the auspicious occasion of the birth anniversary of Lord Mahavir Swami, the 24th Tirthankar of Jainism, who is the embodiment of non-violence, compassion, forgiveness, and mercy, I extend my heartfelt wishes and congratulations to everyone, especially to my Jain brothers and sisters.

The life and teachings of Lord Mahavir Swami teach us that true strength lies in non-violence, true prosperity in renunciation, and true happiness in selfless service. He gave the world the mantra of "Live and Let Live," which remains as relevant today as it was in his time.

Today, as the world grapples with many challenges, the thoughts of Lord Mahavir guide us toward the right path. His message is not only for a specific religion but for all of humanity. If we adopt his principles in our lives, we can create an atmosphere of love, peace, and goodwill in society.
On this Mahavir Jayanti, let’s resolve to walk on the path of non-violence and truth, to embrace compassion and mercy in our lives, and to foster love and respect for every living being. May Lord Mahavir shower his blessings on you, and may your life be filled with happiness, peace, and harmony.

Wishing you all a joyful and auspicious Mahavir Jayanti!

Jai Jinendra!"

नई दिल्ली; 09 अप्रैल 2025: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। अपने सन्देश में श्री बिरला ने कहा:
“जय जिनेन्द्र।

अहिंसा, दया, क्षमा और करुणा के अवतार जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती के पावन अवसर पर आप सभी को विशेष रूप से मेरे जैन बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ।

भगवान महावीर स्वामी का जीवन और उनका संदेश हमें सिखाता है कि सच्ची शक्ति अहिंसा में है, सच्ची समृद्धि त्याग में है और सच्ची खुशी परोपकार में है। उन्होंने पूरे विश्व को "जियो और जीने दो" का मंत्र दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय था।

आज जब दुनिया कई चुनौतियों से जूझ रही है, तब भगवान महावीर के विचार हमें सही मार्ग दिखाते हैं। उनका संदेश केवल किसी धर्म विशेष के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है। अगर हम उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारें, तो समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव का वातावरण बन सकता है।

आइए, इस महावीर जयंती पर हम संकल्प लें कि हम अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलेंगे, करुणा और दया को अपने जीवन में अपनायेंगे, और हर जीव के प्रति प्रेम व सम्मान का भाव रखेंगे। भगवान महावीर आपका कल्याण करें, उनके आशीर्वाद से आपका जीवन सुख, शांति और सौहार्द से परिपूर्ण रहे।